**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.06.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सतत आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, एम.एस.एम.ई. तंत्र ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। नई दिल्ली में आज अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि एम.एस. एम.ई. क्षेत्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है। राष्ट्रपति ने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

-----------------------------------------------------------

## किरेन रिजिजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज किन्नौर जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने पूह और झाबुंग में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। केन्द्रीय मंत्री का आज लाहौल स्पीति जाने का भी कार्यक्रम है। इससे पूर्व कल शाम कल्पा पहुंचने पर उनका जिला प्रशासन सहित भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

-----------------------------------------------------------

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर ज़िला प्रशासन को मॉनसून के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज नाहन में एक बैठक में अधिकारियों को ज़रूरी दिशानिर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने उपायुक्त को अपने स्तर पर सभी विभागों के साथ नियमित बैठकें करने को कहा ताकि जनसमस्याओं का त्वरित निपटारा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विकास को गति प्रदान करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

-----------------------------------------------------------

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राष्ट्रीय सर्वे परख में शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में हिमाचल देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले वर्ष 2021 में हिमाचल को 21वें स्थान पर आंका गया था। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में बताया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बढ़ी रैंकिंग ने शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए अभूतपूर्व फैसलों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।

-----------------------------------------------------------

**राठौर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रदेश में खनन व वन कटान पर चिंता जताई है। उन्होंने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि इसी के चलते प्राकृतिक आपदाओं से हर वर्ष प्रदेश को बड़ी क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों कुल्लू में बहकर आई लकड़ियां अवैध वन कटान का प्रमाण है जिस पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। कुलदीप राठौर ने इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए अवैध खनन व वन कटान पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

-----------------------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं में 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और दो राष्ट्रीय उच्चमार्गों को भी नुक्सान पहुंचा है। धर्मशाला के मनूणी खडड में बाढ़ आने से बहे आठ श्रमिकों में से 5 के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 3 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। मौसम विभाग ने आज और कल बारिश का येलो अलर्ट जबकि 29 जून को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

-----------------------------------------------------------

**विद्या नेगी**

राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा है कि बीते अढ़ाई साल से लगभग 15 सौ मामले आयोग में लंबित पड़े हैं जिन्हें पूरा करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। शिमला में अपना पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि सभी मामले निपटाने के लिए दोगुनी गति से काम किया जाएगा। विद्या नेगी ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के लिए उचित काउंसलिंग की व्यवस्था को और

बेहतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त बने ये आयोग का मुख्य मकसद रहेगा।

---

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 29 जून को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

---